तापमान
अधिकतम 11.4 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जनवरी 2024

10 डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल तैयार

10 त्रिवेणी रोड वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता

YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

India's No. 1 SCHOOL Since-1995 NTSE VVM

मंगलपाण्डे | शहीद भगत सिंह | सुभाष चन्द्र बोस | राजा नाहर सिंह
राजा राव तुलाराम | महाराणा प्रताप | महाराज अग्रसेन | रानी लक्ष्मीबाई

"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा..."

आमंत्रण
स्थापना दिवस
"भव्य समारोह"

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2024 रविवार

स्थान: नई अनाज मंडी, चरखी दादरी

प्रीतिभोज : प्रातः 11:00 बजे से

महात्मा गांधी | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | सरदार वल्लभभाई पटेल | सर छोटूराम
चौ. रणबीर सिंह हुड्डा | चौ. देवीलाल | चौ. बंशीलाल | राव बीरेन्द्र सिंह

"मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती तुझे अभी कुछ और भी दूँ..."

*In respect of renowned personalities, please ignore hierarchy.

आदरणीय स्नेहीजन,
हम किसी कारणवश आपसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं मिल पाये तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। आप सभी से हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें।

-राव बहादुर सिंह

अध्यक्ष
माननीय श्री श्रवण कुमार
विधायक सूरजगढ़ (राजस्थान)

मुख्यातिथि
माननीय श्री सत्य पाल सिंह मलिक
प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं
पूर्व राज्यपाल- जम्मू कश्मीर, गोवा, बिहार एवं मेघालय

निवेदक
राव बहादुर सिंह
पूर्व विधायक नांगल चौधरी एवं चैयरमैन यदुवंशी ग्रुप

YADUVANSHI
CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP
Cum ADMISSION TEST (YCSAT)
For Class I to XII

upto 100% on Tuition & Hostel Fee

on SUNDAY 21st January 2024
Yaduvanshi Shiksha Niketan
Mahendergarh Ph:9466341799
Rewari Ph:8901167461
Narnaul Ph:9468061387
Satnali Ph:9812330666
Gurugram Sec 92 Ph:9053905384
Time: 10:00 am to 12:00 noon

on SUNDAY 28th January 2024
Yaduvanshi Shiksha Niketan
Thanwas Ph:9050784050
Sohali Ph:9991217659
Mandola Ph:7027134134
Gurugram Sec 33 Ph:9053905381
Jind Ph:9053905361
Dhani Mahu Ph:9050007943
Kanina Ph:9053048100
Kosli Ph:9053002458
Hansi Ph:9053905366
Time: 10:00 am to 12:00 noon

Offline Registration on the spot also.

Buses will be Available on all the Nearby Routes

for ONLINE Registration
SCAN & REGISTER
Visit at
www.yaduvanshigroup.edu.in

REQUIREMENTS

INTERVIEW SCHEDULE:
Time: 12:00 pm to 03:00 pm

Principal, Academic Heads
21 January 2024 : Mahendergarh, Rewari, Narnaul, Satnali, Gurugram Sec-92
28 January 2024 :Thanwas (N.Chaudhary), Mandola (Ch. Dadri), Gurugram Sec-33, Jind, Dhani Mahu (Bhiwani), Kanina, Kosli, Hansi, Sohali (Raj.)

COACHING EXPERTS (All subjects) for NEET/IIT/NDA/CLAT/CA SALARY : 2 to 3 Lac per month
PGT:All Subjects (1 to 2 Lac p.m.) | TGT:All Subjects (50 Thousand to 1 Lac p.m.)| PRT:All Subjects (20-50 Thousand p.m.)| NTT/Mother Teacher
Others: NTT,Hostel Warden (M/F), NIS Coaches (M/F), DPEs, PTIs, Librarian, Accountant, Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft, Computer Operator-cum- Web Designer, Graphic Designer, English Communication Teacher.

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

खबर संक्षेप

दुकान के गल्ले से एक लाख रुपये चोरी

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन स्थित फोटो स्टैंड प्रिंटर की दुकान के गल्ले से चोरों ने एक लाख रुपये चोरी कर लिए। मॉडल टाउन सामने पुलिस स्टेशन मोहल्ला निवासी सुनील दत्त की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को कुचला, मौत

यमुनानगर। जिले के नेशनल हाईवे 344 पर रडे का माजरा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना छप्पर में तैनात हैड कांस्टेबल अनिल कुमार व अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव कब्जे में लिया। मृतक का सिर कुचला हुआ था। हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की।

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

यमुनानगर। गांव शहजादपुर के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार फतेहगढ़ निवासी हर्षित घायल हो गया। हर्षित ने बताया कि वह अपनी बाइक पर अपने मौसा भूखड़ी निवासी नसीब सिंह के पास गया था। शाम को वह वहां से वापस घर आ रहा था। जब वह गांव शहजादपुर से थोड़ा आगे पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी।

पुलिस टीम ने व्यक्ति से बरामद की हेरोइन

यमुनानगर। जिला पुलिस की सीआईए वन की टीम ने बिलासपुर-छछरौली रोड से एक युवक को 51 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए वन इंचार्ज केवल सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि बिलासपुर छछरौली रोड पर एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रामपुर हेडियान निवासी राजपाल के नाम से हुई।

घने कोहरे व शीतलहर का प्रकोप जिले में पशुओं के लिए बनने लगा जानलेवा

अलाव जलाकर पशुओं को किसान दे रहे गर्मी की हीट, शुक्रवार को भी पूरा दिन नहीं निकली धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते उत्तर भारत में शीत लहर का कहर शुक्रवार को भी बादस्तूर जारी रहा। आलम यह है कि पिछले सात दिन से जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने से लोगों के काम धंधे प्रभावित हो गए हैं। वहीं बुजुर्ग और बच्चे बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। खास बात यह है कि हाड गलाने वाली ठंड ने पशुओं को भी अपनी चपेट में ले लिया है। पशुपालक अपने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाकर उन्हें हीट दे रहे हैं। मौसम में ठंड़ बढ़ने से शुक्रवार को जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह गया।

- ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान पहुंचा 5 डिग्री सेल्सियस
- एक सप्ताह से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड

यमुनानगर में घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर लाइटें जलाकर चलते हुए वाहन व ठंड में बीमार हुए पशु को अलाव जलाकर ठंड से राहत देते हुए पशुपालक।

ठंड बढ़ने से दिन भर लोगों की छुटी रही कंपकपी

शुक्रवार को भी पिछले सात दिन की तरह घना कोहरा छाया रहा व आसमान में धुंध के बादल और शीतलहर चलने से मौसम में भारी ठंडक रही। दिन भर धूप नहीं निकलने से लोगों की दिक्कतें और भी ज्यादा बढ़ गई। ठंड के कारण बाजारों की रौनक भी गायब रही। दोपहर के समय हिम्मत जुटाकर लोग किसी तरह बाहर निकले। लेकिन एक-दो घंटा काम करने के बाद ठंड ने उन्हें दोबारा घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया।

पशुओं पर ठंड पड़ने लगी भारी

मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से किसानों के पशु बीमार होने लगे हैं। जिन्हें बचाने के लिए किसान आग का सहारा ले रहे हैं। कई पशुओं की हालत ऐसी है कि वह सुबह के समय उठ भी नहीं पा रहे हैं। जिन्हें अलाव जलाकर हीट देकर किसी तरह उठाया जा रहा है। किसान महाबीर सिंह व गुरनाम सिंह का कहना है कि यदि ठंड का कहर इसी तरह कुछ दिन और जारी रहा तो बुढ़े हो चुके पशु मौत का ग्रास बनने लगेंगे। उनका कहना है कि सारा-सारा दिन सूर्य देव के दर्शन न होने और मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से उनके पशुओं का दूध भी कम होने लगा है।

तापमान में गिरावट जारी

शुक्रवार को जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो अब तक इस वर्ष का जिले का सबसे कम तापमान रहा है। पिछले एक सप्ताह से जले में पड़ लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड। जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है।

महिला मरीज के पति ने नर्स के साथ की अभद्रता

यमुनानगर। सिविल अस्पताल जगाधरी में डिलीवरी के बाद उपचाराधीन मरीज को देखने गई नर्स बबीता के साथ महिला मरीज के पति ने अभद्रता की। आरोप है कि आरोपी ने सरकारी कार्य में बाधा भी पहुंचाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार साढौरा के गांव कनीपला निवासी बबीता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नर्स है। उसकी ड्यूटी सिविल अस्पताल जगाधरी में लगी हुई है। एक जनवरी की रात को वह ड्यूटी पर तैनात थी। बिलासपुर निवासी दीक्षा के पास एक दिन पहले ऑपरेशन से बच्चा हुआ था। वह अस्पताल के प्राइवेट रूम नंबर चार में भर्ती थी। करीब साढे. दस बजे वह उसे देखने के लिए उसके रूम में गई। उसने दीक्षा से खाना खाने के बारे में पूछा और हल्का खाना खाने को कहा। आरोप है कि इस दौरान वहां पर दीक्षा का पति मनीष उससे बहस करने लगा। आरोपी ने उससे अभद्रता की और कहा कि यदि मेरे मरीज को कुछ भी हुआ तो वह उन्हें बंधवा कर मरवा देगा। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसकी सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाई।

- सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का भी आरोप

देश और प्रदेश में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार को पार्टी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर सैकड़ों लोग अन्य पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। जिनका प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जताया दावा

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं से जनता खुश है। यही वजह है कि आए दिन अन्य पार्टियां छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। जनता के आर्शीवाद से वर्ष 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा देश और प्रदेश में हैट्रिक लगाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है । भाजपा में हर कार्यकर्ता को मान सम्मान दिया जाता है। आज पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के विकास कार्य को लेकर कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जगाध्री विधानसभा में करोड़ो की लागत से विकास कार्य करवाए जा चुके हैं और जो कार्य शेष रह गए हैं उन्हें भी जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश और प्रदेश में तीसरी बार फिर से कमल खिलेगा। मौके पर नकुल गोयल को भारतीय जनता युवा मोर्चा जगाधरी के उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।



यमुनानगर। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी में शामिल हुए लोगों को शिक्षा मंत्री कंवरपाल पटका पहनाकर स्वागत करते हुए।

देश व प्रदेश के उत्थान के लिए मिलकर करें कार्य: कांबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुक्रवार को भी जिले के रादौर व साढ़ौरा क्षेत्र के आठ गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। रादौर के गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व प्रदेश राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज व साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने भाग लिया।

- रादौर व साढ़ौरा क्षेत्र के आठ गांव में जनसंवाद कार्यक्रम हुए आयोजित

शुक्रवार को रादौर क्षेत्र के गांव घेसपुर,टोडरपुर, दौलतपुर व कलेसरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि देश के उत्थान के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। आज विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के तहत आमजन के कार्य हो रहे हैं। लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत रामकुमार, मामचंद, विनित त्यागी, रमन शर्मा, शशी भूषण, इकबाल, आजिद, इशरार, निर्मल सिंह, श्याम लाल, रोशन लाल, सतिन्द्र कुमार व प्रदीप कुमार को रजिस्ट्रियां बांटी। इसके अलावा मीना देवी, हमीदा, बलजीत सिंह, राम बली, बकीला, बलराम, मुनेश शर्मा व खुर्शीद अली की मौके पर पेंशन बनाई गई। पूर्व मंत्री द्वारा मौके पर प्रदीप, राजबीर, महीन्द्र कुमार, बलीराम, विजय कुमार, सुशील, नसीमा, मामचंद, राकेश, मदन लाल व मांगा राम को मौके पर ही बने बीपीएल कार्ड वितरित किए। -कुराली समेत साढ़ौरा के चार गांव में हुए जनसंवाद कार्यक्रम

साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव कुराली, सभापुर, शामपुर व फाजलवुर में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने का ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जरनैल सिंह, केला, बीजाराम, सोमनाथ, जागीर सिंह, सलोचना व मेवा देवी के बीपीएल कार्ड बनाए गए।

यमुनानगर के रादौर क्षेत्र के गांव घेसपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

निजी शिक्षण संस्थान के कर्मी का खेतों में पड़ा मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

निजी शिक्षण संस्थान के एक कर्मचारी का शव शुक्रवार को जिले के गांव महलांवाली के नजदीक खेतों में पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक का पहले से ही गुमशुदगी का मामला दर्ज किया हुआ था। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का शक जताया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

- मृतक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- पुलिस कर रही है मामले में जांच

जानकारी के मुताबिक गांव मुसिंबल निवासी सोहन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा नीटू राणा शहर के कोचिंग सैंटर में नौकरी करता था। वह गत 4 जनवरी को सुबह 7 बजे के करीब घर से अपनी ड्यूटी पर गया था। शाम को वह कोचिंग सेंटर से छुट्टी करने के बाद वापस घर के लिए चल दिया था। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। उन्होंने उसकी यहां वहां तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि गांव महलांवाली के नजदीक खेतों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वह और पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव की शिनाख्त की तो वह नीटू का था। मौके पर फोरेंसिग टीम ने पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि जहां युवक का खेतों में शव पड़ा हुआ था वहां पर उसके पास ही उसका बैग व बाइक भी पड़ी हुई मिली। मृतक के परिजनों ने शक जताया है कि किसी ने नीटू की हत्या करके उसका शव खेतों में फेंक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और जांच शुरू कर दी।

रात्रि में बिजली सप्लाई होने से सिंचाई प्रभावित: चौहान

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर खेतों में सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की है। मुख्य अभियंता जेसी शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है।

- भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल ने की दिन खेतों में सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग

भाकिसं का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार सुबह प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्य अभियंता के कार्यालय में पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अभियंता जेसी शर्मा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आजकल गेहूं की सिंचाई का कार्य चल रहा है। गेहूं की फसल में सिंचाई किसानों को खड़े होकर करनी पड़ती है। ताकि गेहूं की फसल में अधिक पानी भरा ना रह सके। क्योंकि गेहूं की फसल में आवश्यकता से अधिक पानी भरने पर फसल खराब होने की संभावना बनी रहती है। मगर आजकल किसानों को फसलों में सिंचाई के लिए रात्रि के समय पावर बिजली सप्लाई की जा रही है। जिससे किसान एक तो कड़ाके की पड़ रही ठंड से परेशान हैं, वहीं, उन्हें रात्रि के समय खेतों में खड़े होकर सिंचाई करनी पड़ रही है। जिससे किसानों के बीमार होने और फसलों के खराब होने का अंदेशा बन रहा है।

यमुनानगर के बिजली निगम के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए भाकिसं का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

छह घंटे की सप्लाई में भी लगाए जा रहे हैं कट

भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि रात्रि के समय कुल छह घंटे पावर बिजली सप्लाई की जा रही है। इस छह घंटे में भी कई बार कट लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तो रात्रि को बिजली की सप्लाई और ऊपर से कट लगाए जाने से किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने बिजली निगम से खेतों में सिंचाई के लिए दिन के समय 12 घंटे बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को दिन के समय बिजली सप्लाई नहीं दी गई तो भाकिसं सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। मौके पर भाकिसंग के प्रांतीय गन्ना आयाम प्रमुख प्रताप सिंह खजूरी विकास राणा,राजकुमार,जिला अध्यक्ष पिंटू राणा, सुरेश राणा व रामकुमार आदि मौजूद थे।

जिला न्यायालय में तैनात क्लर्क से साइबर ठगों ने ठगे 95 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला न्यायालय में तैनात क्लर्क सोनम से साइबर ठगों ने 95 हजार रुपये ठग लिए। ठग ने पिता द्वारा ऑनलाइन रुपये भेजने की बात कहकर क्लर्क को अपनी बातों में फंसाया। इसके बाद रुपये भेजने के टैक्स मैसेज भेजकर उसके साथ ठगी की। जिला अंबाला के गांव नाहरा निवासी सोनम ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जिला न्यायालय जगाधरी में क्लर्क की पोस्ट पर तैनात है। उसके पिता दलीप कुमार ट्रांसपोर्ट पर काम करते हैं। दो जनवरी को करीब तीन बजे वह कोर्ट में अपनी ड्यूटी पर थी। तभी उसके फोन पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उसे कहा कि उसके पिता हमारे ट्रांसपोर्ट पर काम करते हैं। उसके पिता ने मुझे कहा है कि मेरी लड़की सोनम के फोन पर रुपये भेज दो। सोनम ने बताया कि इसके बाद उसने आरोपी को अपने पिता के अकाउंट में ही रुपये डलवाने को कहा। आरोपी ने उसे कहा कि उसके पिता ने कहा कि है कि उनके अकाउंट में दिक्कत है, इसलिए उन्होंने अपनी बेटी के मोबाइल पर ऑनलाइन 15 हजार रुपये भेजने को कहा है। इसके बाद उसने अपने छोटे भाई से बात की तो उसने बताया कि पिता उसके पास भी कई बार रुपये भिजवा देते है। इसलिए वह आरोपी की बातों में आ गई। आरोपियों ने उसे कहा कि पांच हजार रुपये भेजने थे, गलती से 50 हजार रुपये उनके पास चले गए। यह रुपये उनके वापस कर दो। आरोपियों की बातों में आकर उसने आरोपियों के दिए नंबर पर 50 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से भेज दिए। आरोपियों का नंबर सोनिया देवी के नाम से शो हो रहा था। जब अपना अकाउंट चेक किया तो उसके खाते से 95 हजार रुपये निकले हुए थे।

- ठग ने पिता द्वारा ऑनलाइन रुपये भेजने की बात कहकर क्लर्क को अपनी बातों में फंसाया

संगोष्ठी

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में श्रीमद्भागवत गीता पर संगोष्ठी का आयोजन

अंधेरे से प्रकाश के मार्ग का नाम है श्रीमद्भागवत गीता: डॉ. बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत गीता पर एक संगोष्ठी का आयोजन कियाा गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संयोजक प्रोफेसर गौरव बरेजा ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र सिंह ढ़िल्लो मौजूद रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ईश्वर से अधिकतम प्राप्त करना चाहता है तो उसे समर्पण करना होगा। उन्होंने कहा कि अंधेरे से प्रकाश के मार्ग का नाम श्रीमद्भागवत गीता है। क्योंकि श्रीमद्भागवत गीता के दूसरे अध्याय के 7वें श्लोक में अर्जुन ने स्वयं को भगवान के सामने समर्पित कर दिया है। इस दौरान अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मुझे क्या करना चाहिए इसके बारे में मैं बिल्कुल नहीं जानता हूं। कृपया मेरा मार्गदर्शन करें। मैं स्वयं को आपके परम स्वरूप को समर्पित कर रहा हूं। डॉ. बाजपेयी ने कहा कि वर्तमान समय में हम सभी अपने आप में युद्ध की स्थिति में हैं। हर बार हम दुविधा में होते हैं और कई चीजों पर निर्णय नहीं ले पाते। इसका संबंध इस बात से है कि क्या सही है और क्या गलत है। क्योंकि हमारे पास ज्ञान प्राप्त करने के कई स्रोत हैं। लेकिन उनमें से कोई भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है। व्यक्ति को आत्मज्ञान के सही स्रोत की पहचान करने में सक्षम होना चाहिए और सीखने और नया ज्ञान प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। विद्यमान ज्ञान और अधूरा ज्ञान धर्म के मार्ग में बाधक है।

यमुनानगर के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते हुए वक्ता।

गीता की शिक्षाएं मानव जाति के लिए वरदान

मौके पर प्रोफेसर गौरव बरेजा ने कहा कि गीता सिर्फ एक ग्रंथ नहीं है। यह एक भावना और जीवन जीने की पद्धति है। कोई भी व्यक्ति इस पवित्र पुस्तक के प्रत्येक श्लोक से सीख सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में श्रीकृष्ण, अर्जुन, संजय और धृतराष्ट्र द्वारा बोले गए 700 श्लोक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गीता की शिक्षाएं वास्तव में मानव जाति के लिए वरदान हैं। व्यक्ति को बस खुद को भगवान के सामने समर्पित करने और हासिल करने और सीखने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। विशिष्ठ अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह ढ़िल्लो ने कहा कि दुनिया भर के आधुनिक समय के विद्वानों द्वारा व्याख्या किए गए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने गीता पर स्वामी विवेकानन्द के कार्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वह श्रीमद्भागवत गीता की शिक्षाओं से कैसे लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने ईमानदारी नैतिकता सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलकर कर्म में विश्वास करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ. करुणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

लाखों बच्चे मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर बना रहे भविष्य : डॉ. कौशिक

हरिभूमि न्यूज. रादौर

मुकुंदलाल नेशनल कॉलेज व रोटरी क्लब रादौर के संयुक्त तत्वावधान में मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक सेठ मुकंदलाल का 138वीं जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मुकंदलाल कॉलेज रादौर के प्रिंसीपल डॉ. दीपक कौशिक ने भाग लिया। मौके पर मुख्यातिथि समेत गणमान्य ने सेठ मुकंदलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया गया।

- मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक सेठ मुकंदलाल का मनाया 138वां जन्मदिवस

मुख्यातिथि एवं प्रिंसीपल डॉ. दीपक कौशिक ने सेठ मुकंद लाल के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेठ मुकंदलाल ने 1952 में रादौर में शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की थी। उनके द्वारा लगाया गया शिक्षा का पौधा आज वट वृक्ष बन गया है। मुकंदलाल संस्था दशकों से क्षेत्र व जिले के लोगों को शिक्षा ग्रहण करने का काम कर रही है। लाखों बच्चे मुकंदलाल संस्था से शिक्षा ग्रहण करके अपना भविष्य बना रहे है। संस्था का उद्देश्य बच्चों की कम फीस पर अच्छी शिक्षा प्रदान करना है। जिसको लेकर सेठ परिवार संघर्षरत है। देश की आजादी के बाद सेठ मुकंदलाल ने शिक्षा की अलख को जन जन तक पहुंचाने के लिए शिक्षण संस्थान खुलवाए थे। जिससे लोगों को शिक्षा का ज्ञान मिल सका। उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। मौके पर रोटरी क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा, सचिव जसंवत सिंह, डॉ. एससी सैनी, भारत माटिया, ब्रह्मप्रकाश , मोहनलाल , राजीव आर्य सन्नी, मलखान सिंह, मोहित गर्ग व निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

यमुनानगर के रादौर में सेठ मुकंदलाल के चित्र पर नमन करते गणमान्य। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप

अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल टूनार्मेंट 8 से

कुरुक्षेत्र। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल हरियाणा सर्किल अंबाला कार्यालय के सहायक निदेशक तकनीकी एवं संयोजक देवराज ने कहा कि हरियाणा परिमंडल द्वारा 8 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक बहु उद्देश्यीय हाल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में 34वीं अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूनार्मेंट को लेकर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन 7 जनवरी को सायं 3 बजे बोर्ड रूम स्वर्ण जयंती प्रशासनिक भवन एनआईटी कुरुक्षेत्र में किया जाएगा।

डीएलएसए में हुई विडो सेल की मीटिंग

थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि डीएलएसए में विडो सेल की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों ने भाग लिया। सीजेएम ने विधवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं की जानकारी लेते हुए आदेश दिए कि विडो का सर्वे करवाए और उनका डाटा अपडेट करें।

अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा घोषित करने पर हर्ष

कुरुक्षेत्र। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि ने अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा घोषित करने पर रेखा वाल्मीकि ने हर्ष जताया। कहा कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामांकरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया है। अब अयोध्या एयरपोर्ट को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय अयोध्या धाम के नाम से देश और दुनिया में जाना जाएगा।

पटवारियों की हड़ताल जारी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। पे ग्रेड की मांग को लेकर जिले के पटवारी और कानूनगो शुक्रवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। दिनभर दफ्तरों पर ताले लटके रहे और कामकाज ठप होने के कारण जमीनी काम कराने के लिए लोग परेशान रहे।

नर सेवा ही नारायण सेवा : जितेंद्र कुमार

कुरुक्षेत्र। श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में पांचवें दिन जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार व संस्था के सचिव विपिन शर्मा उपस्थित रहे। मास्टर जितेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस हमें समाज के लिए एक उत्कृष्ट नागरिक बनने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि सेवा की भावना हम सब के अंदर होनी चाहिए। हमारी संस्कृति में कहा जाता है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

संकल्प यात्रा के दौरान सरकार कर रही है जनता से सीधी बात : संदीप सिंह

गांव थांदड़ा व लोटनी में जनसंवाद कर बताईं मोदी सरकार की योजनाएं

भारत विकसित संकल्प यात्रा लोगों के द्वार-द्वार पहुंचकर दो रही योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा की कड़ी में शुक्रवार को गांव थांदड़ा व लोटनी में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में हरियाणा क मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता के साथ सीधा सम्पर्क करके हर वर्ग के लोगों तक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अब सरकार की योजना लोगों को उनके घर द्वार पर मिल रही है, जिससे ग्रामीणों को बेहद सुविधाजनक माहौल मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यातिथि ने गांव थांदड़ा व लोटनी के लोगों को 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने में योगदान देने की शपथ भी दिलाई। राज्यमंत्री संदीप सिंह गांव थांदड़ा व लोटनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में आमजन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजुदा सरकार जनता के साथ कोई दोहरी नीति के मुताबिक कार्य नहीं कर रही। आमजन के धन व समय को बर्बाद नहीं किया जा रहा है, बल्कि जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन करके प्रशासन के सहयोग से सभी लोगों को उनके घर द्वार पर हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। तकनीकी के इस युग में प्रत्येक कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा कार्य ऑनलाईन करके लोगों के धन व समय की बचत की जा रही है तथा उन्हें सरकार द्वारा जनता के लिए बनाई गई जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने गांव थांदड़ा व लोटनी के स्कूली बच्चों को उत्कृष्टद्द कार्य करने पर पुरस्कृत भी किया।

पिहोवा। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते राज्य मंत्री संदीप सिंह।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर गांव थांदड़ा के सरपंच शीशपाल सिंह, गांव लोटनी की सरपंच रीटा रानी, नैसी के सरपंच कवलजीत सिंह, पूजा देवी, गुलाब सिंह, साहिल कुमार, रेखा रानी, चिरंजीव, लाडी पाल, कुलबीर सिंह, बीडीपीओ अंकित कुमार, वीर कुमार, विनोद कुमार, परमजीत कौर, अमरजीत कौर, जसमेर सिंह, सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहा लोगों का अपार समर्थन : सुधा

कुरुक्षेत्र। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी संकल्प लें। सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में अपार जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि सरकार के अंत्योदय के सपने को साकार किया जा सके। विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार नगर परिषद के वार्ड 17 कैलाश नगर स्थित आर्यन स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकार द्वारा दी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के कैंप लगाए जा रहे हैं। कैंप में पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। डिजिटल स्कीम के तहत लोगों को सरकारी सुविधाएं दी जा रही है। ये कैम्प लोगों को परिवार पहचान पत्र, पेंशन, आधार, स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम देश के कौने-कौने में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं घर द्वार के नजदीक कैम्पों के जरिये की जा रही है। विधायक सुभाष सुधा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, गुरदयाल सिंह, दीपक चौहान, हरीश अरोड़ा, सिद्धार्थ तिवारी, राम मेहर शास्त्री आदि मौजूद थे।

गुरु साहिब के जीवन से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी: संदीप सिंह

पिहोवा। साहिब ए कमाल गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव को समर्पित गुरुद्वारा श्री बाउली साहिब की ओर से शुक्रवार को विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पंच प्यारों की अगुवाई में शुरू हुआ। गुरुद्वारा बाउली साहिब से शुरू होकर मेन बाजार, सरस्वती तीर्थ, गुहला रोड़, मॉडल टाउन, अनाज मंडी, अंबाला रोड़ व कैथल रोड़ से होता हुआ देर शाम को गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा। जहां भव्य आतिशबाजी की गई। निशान साहिब और तलवार हाथ में लिए नगर-कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारे आकर्षण का केंद्र रहे। पालकी साहिब का अभिनंदन करने पहुंचे राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह से बड़ा त्यागी, सर्व वंश दानी और योद्धा कोई नहीं हुआ। आनंदपुर साहिब की धरती का चप्पा चप्पा उनकी बहादुरी और बलिदान की गाथा आज भी सुना रहा है। उन्हीं की बदौलत आज सिखों में सेवा और बहादुरी का जज्बा पैदा हुआ। राज्य मंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने जात-पात, धर्म व ऊंच-नीच के दिखावटी बंधन को तोडकर एक ईश्वर की उपासना करने का संदेश दिया। इस मौके पर गुरुद्वारा छेंवी पातशाही के मैनेजर गुरशेर सिंह, कंवलजीत सिंह, राजिंदर सिंह, मुख्त्यार सिंह, अमनदीप सिंह सहित संगत मौजूद रही।

कुरुक्षेत्र। विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते साई के अधिकारी।

हॉकी गेम्स में हासिल किया कांस्य पदक

कुरुक्षेत्र। स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से ग्वालियर में 27 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक राष्टद्वरीय हॉकी खेलों का आयोजन किया गया। इन राष्टद्वरीय खेलों में हरियाणा की तरफ से कुरुक्षेत्र साई के 2 खिलाड़ियों ने हॉकी टीम का नेतृत्व किया। इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण हरियाणा की टीम ने राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक हासिल किया है। इन खिलाड़ियों का कुरुक्षेत्र साई सेंटर पर पहुंचने पर साई के सहायक निदेशक बाबुराम, सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच, हॉकी की चीफ कोच सुदेश शर्मा, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर ने खिलाड़ियों का स्वागत किया है। साई सेंटर कुरुक्षेत्र में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में हॉकी की टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के लिए शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

केयू में हुआ स्वर झंकार संगीत समारोह

- कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. दीपिका वालिया, श्रीमती रेणु हुड्डा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संगीत एवं नृत्य विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में स्वर झंकार संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. दीपिका वालिया, श्रीमती रेणु हुड्डा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. हरविन्दर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह के आरम्भ में अमेरिका से आई विदुषी संहिता नंदी ने अपना गायन प्रस्तुत किया। विदुषी संहिता नंदी ने अपने गायन का आरंभ राग मियाँ की तोड़ी से किया और तत्पश्चात राग चारुकेशी प्रस्तुत किया। उनके साथ संगीत एवं नृत्य विभाग के तबला अनुदेशक सुरेंद्र कुमार ने तबले पर व हारमोनियम पर संगीत एवं नृत्य विभाग के गायन विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ तरुण जोशी ने मनमोहक संगत दी। तानपुरे पर सचकिरण कौर ने साथ दिया। संगीत एवं द्वितीय विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद ने संगीत समारोह की मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति कार्य विभाग के संगीत विभाग से डॉ. दीपिका वालिया, विशिष्ट अतिथि रेणु हुड्डा सहित अतिथियों, संगीत रसिक जनों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों का स्वागत किया।

ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

कुरुक्षेत्र। जीटी रोड पर शाहबाद में नौगजा पीर के पास एक ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान शशि निवासी खन्ना पंजाब के तौर पर हुई है। सूचना मिलते ही थाना शाहबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल भिजवाया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

कुरुक्षेत्र। 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सेना के सूबेदार बाना सिंह के जन्म दिन पर लगाया जा रहा है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

बूथ एक योद्धा को लेकर जजपा की बैठक

- कुरुक्षेत्र जिला में हर बूथ पर होगा जजपा का योद्धा : जखवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जननायक जनता पार्टी के एक बूथ एक योद्धा अभियान के तहत अहम बैठक पिहोवा में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जाखवाला व युवा जिला अध्यक्ष डॉ जसविंदर खैहरा ने कार्यकताअरं में जोश भरा। जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत हर बूथ पर एक योद्धा बनाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र जिला में भी यह अभियान जोरों शोरों से चल रहा है और बहुत जल्द कुरुक्षेत्र जिला के हर बूथ पर जननायक जनता पार्टी का एक योद्धा बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला के जजपा कार्यकर्ता जी जान से पार्टी के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। पार्टी की तरफ से जो भी दिशा निर्देश कार्यकताअरं को दिया जाता है उसे पूरा किया जा रहा है। युवा जिला अध्यक्ष डॉ जसविंदर खैहरा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ताऊ देवीलाल के विचारों पर चलने वाली पार्टी है और पार्टी का हर कार्यकर्ता तन मन धन से ताऊ देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए समाज हित और पार्टी हित में कार्य कर रहा है। इस मौके पर हलका अध्यक्ष गुरलाल वरैच, पंचायती प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह गोराया, युवा हलका अध्यक्ष सतीश मडाड, अनवर खान, धर्मपाल बाजीगर, हरमन मुल्तानी, रवि बंसल, मांगेराम कश्यप, हरिंदर मास्टर, सुभाष कुमार, अजय बाजीगर, हनी दहिया, सूरजमल बाखली, ईश्वर मोर और धर्मवीर लोटनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पिहोवा। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं के साथ कुलदीप जखवाला व डॉ. जसविंदर खैहरा।

लाडवा। ब्लॉक के गांव बदरपुर में महिलाओं से बातचीत करते संदीप गर्ग।

सर्दी में अपना व अपने परिवार का ख्याल रखें : संदीप

लाडवा। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा ब्लॉक के गांव बदरपुर में जाकर महिलाओं से की वातार्लाप और उन्हें अपने द्वारा करवाए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि वे लाडवा हल्के की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा लाडवा हल्के में अनेक सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिनके कारण आज लाडवा हल्के की महिलाएं सिलाई कढ़ाई का काम सीख कर अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है और अपने परिवार का गुजारा कर रही है। उन्होंने कहा कि केवल पुरुषों के कमाने से घर खर्च नहीं चलता है, महंगाई का दौर चल रहा है, ऐसे में सभी को साथ मिलकर कार्य करने चाहिए।

मिशन बुनियाद को लेकर हुआ कार्यक्रम

- मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के लिए जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा निदेशालय तथा विकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के लिए गुरुनानक देव एकेडमी भेरियां पिहोवा में खंड स्तरीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक तथा डीपीसी संतोष शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग ने रोहतास वर्मा तथा अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। रोहतास वर्मा ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, एसएमसी मुखियाओं तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार, अली शेर, गुरमीत सिंह, ओम प्रकाश, रामराज कौशिक, रमेश सांगवान, नवदीप कौर, सुशीला गुप्ता, राजेश सैनी, सीमा, बंसीलाल, प्रेरणा,अनुज, विजेंद्र, रुचि, अनुपमा, गीतिका आदि रहे।

कुरुक्षेत्र। रजवंत कौर को सम्मानित करते अतिथिगण।

उल्लेखनीय कार्य के लिए रजवंत कौर को सम्मानित

कुरुक्षेत्र। समाज में उल्लेखनीय कार्य करने पर एंटी करपशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने कुंटिया प्रधान रजवंत कौर को वूमेन ऑफ इंस्पीरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एंटी करपशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करनाल के मानव सेवा संघ में माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने कुंटिया प्रधान रजवंत कौर को सम्मानित किया। रजवंत कौर शुभकर्मन ट्रस्ट की प्रधान भी है। शुभकर्मन ट्रस्ट के बैनर तले रजवंत कौर समय-समय पर जरुरतमंदों की सहायता करती रहती है। जुलाई माह में धर्मनगरी की कई कॉलोनियों में बाढ़ का पानी आ गया था। बाढ़ के पानी कॉलोनियों के कई घरों में घुस गया था। रजवंत कौर ने बाढ़ पीड़ितों को को पानी की बोतले व खाद्य सामग्री पहुंचाई थी।

गेस्ट्रो रोगियों को आदेश में मिल रही पीजीआई स्तरीय सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में गेस्ट्रो रोगी को पीजीआई स्तर की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। गेस्ट्रों की बेहद अनुभवी चिकित्सक डा. जान्हवी धर गेस्ट्रो रोगियों को उपचार दे रही हैं। पत्रकारों से बातचीत में डॉक्टर जाहन्वी धर ने बताया की आदेश के गेस्ट्रो सर्जिकल विभाग में फूड पाइप से संबंधित मरीज, गाल ब्लेडर, लीवर कैंसर, एक्यूट पैनक्रियाज, छोटी व बड़ी आंत और पेट से जुड़ी सर्जरी का उपचार किया जा रहा है। डॉक्टर जाहन्वी धर ने कहा कि इन बिमारियों से सम्बंधित हर तरह से एंडोस्कोपी जांच आदेश अस्पताल में की जा रही है जोकि रोगियों की लिए बेहद लाभप्रद है। कहा कि गलत खानपान के कारण इस तरह की रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है इसलिए जरूरी है कि जब किसी को भी फूड पाइप, गाल ब्लेडर, लीवर कैंसर, एक्यूट पैनक्रियाज, छोटी व बड़ी आंत और पेट से जुड़ी बीमारियों आदि की लक्षण हो तो तुरन्त चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए क्योंकि इनमे लापरवाही गंभीर रोग का कारण बन सकती है।

शीत लहर से राहत नही तापमान 5 डिग्री सेल्सियस

कुरुक्षेत्र। जिले में लगातार गिरते तापमान से डॉक्टरों ने मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लगातार पड़ रही ठंड के कारण पानी जमने के आसपास तापमान पहुंच गया है। चिकित्सकों के अनुसार यह ठंड बुजुर्गों व बच्चों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकती है, इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह पांच बजे के आसपास घना कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे हवा की गति बढ़ती गई और कोहरा छंटने लगा। दोपहर 11 बजे के बाद हल्की धूप निकली लेकिन शीत लहर का प्रकोप जारी रहा। शाम को छह बजे फिर से अंधकार छा गया।

कैंप में दूर दूर से पहुंचे मरीज ने स्वास्थ्य लाभ उठाया

नि:शुल्क शिविर में जांचा 81 मरीजों का स्वास्थ्य

- गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में वीरवार सांय शिरडी सांई मंदिर में पहला नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में वीरवार सांय शिरडी सांई मंदिर में पहला नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य संजीवनी ग्रुप के संयुक्त प्रभारी गुलशन ग्रोवर ने बताया कि यह कैंप गुदगुदी जंक्शन समूह के हैल्थ ग्रुप /"स्वास्थ्य संजीवनी/" के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। श्रीशिरडी सांई सेवा संघ के सहयोग से करवाए गए इस शिविर में कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ डा.ऋषिपाल गुप्ता, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डा.मनीष कुकरेजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.उपासना मेहता, बाल रोग विशेषज्ञ डा.अजय शर्मा, सामान्य रोग विशेषज्ञ डा.सुरेंद्र सहाय, कॉडियोलोजिस्ट डा.बृजनंदन मिश्रा और लैब टेक्निशियन राजीव कुमार ने विभिन्न रोगों के 81 मरीजों की जांच करके मुफ्त दवाईयां प्रदान की। साथ ही बीमारी बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस कैंप में दूर दूर से आए मरीज लाभान्वित हुए, जिनकी हैल्थ रिपोर्ट भी देखी गई। कैंप का शुभारंभ श्री शिरडी सांई सेवा संघ के प्रधान एवं स्वास्थ्य संजीवनी ग्रुप प्रभारी डा.विजय शर्मा, गुदगुदी जंक्शन समूह के संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौली गौड़, संरक्षक जितेंद्र बंसल एवं आमंत्रित चिकित्सकों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डा.विजय शर्मा ने कहा कि आज के समय में शरीर की देखभाल बहुत आवश्यक है। मानव शरीर में रोग उत्पन्न होने का मुख्य कारण हमारा असंतुलित खानपान और रहन सहन है। पौष्टिक आहार, उचित निद्रा, नियमित व्यायाम और योग से ही मनुष्य अच्छी सेहत प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बच्चों से विशेष आग्रह किया कि वे फास्ट फूड और तले हुए खाद्य पदार्थों से बचें। इस अवसर पर मंदिर की ओर से 20 जरूरतमंद बच्चों को गर्म जैकेट वितरित की गई। कैंप में श्री खाटू श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद, श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति के महासचिव रमेश शर्मा, अरुण गौड़, अमरजीत पांचाल, तिलकराज राठौर, बृजमोहन गुप्ता, राकेश आहुजा, जयभगवान, नीना गुप्ता, प्रीती भाटिया और मिथिलेश गुप्ता आदि ने सहयोग दिया।

कुरुक्षेत्र। नेत्रों की जांच करते नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.मनीष कुकरेजा।

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत को गिरफ्तार किया है। सरसेहड़ी गांव के बलबीर सिंह ने 3 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 दिसंबर 2023 को रामपुर में स्थित हार्डवेयर की उसकी दुकान से किसी ने पीतल के सपैंडल व गल्ले से नकद राशि चोरी कर ली है।

स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरीक उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। मुलाना के सोने लाल ने 31 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि साहा में आरोपी रवि व अन्य ने मारपीट कर उससे मोबाइल व नकदी छीन ली है।

हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ अतुल को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव बोह के प्रवीण कुमार ने 2 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गौरव, राहुल, ईशान, अतुल व अन्य ने उसके भाई संजय की तेजधार हथियारों से हमला करते हुए हत्या कर दी है।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप सिंह उर्फ दीप्पा को गिरफ्तार किया है। कंबास गांव के लव शर्मा ने 2 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 मई 2023 को किसी ने उसके ट्यूबवेल से चारा काटने की इलेक्ट्रिकल मशीन चोरी कर ली है। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

पात्र परिवारों के घर बैठे बन रहे बीपीएल कार्ड

लाडवा। पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

विकास कार्यों को लेकर गृह मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल तैयार टांगरी नदी पर जल्द बनेगा काज-वे

नगर परिषद अधिकारियों ने विज को डेयरी कांप्लेक्स का तैयार किया गया थ्री-डी मॉडल दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव ब्राह्मण माजरा में बनने वाले डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल नगर परिषद द्वारा तैयार कर लिया गया है। गृह मंत्री अनिल विज ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए थ्री-डी मॉडल का अवलोकन किया और कांप्लेक्स में उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की। विज शुक्रवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। नगर परिषद अधिकारियों ने विज को डेयरी कांप्लेक्स का तैयार किया गया थ्री-डी मॉडल दिखाया। इस पर अलग-अलग पहलुओं को लेकर विज ने अधिकारियों के साथ चर्चा की। साथ ही प्रक्रिया में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि ब्राह्मण माजरा में लगभग 21 एकड़ भूमि पर पशुपालकों के लिए अत्याधुनिक डेयरी कांप्लेक्स का निर्माण किया जाना है। यहां सभी पशु पालकों को एक ही छत के नीचे कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि टांगरी नदी पर टांगरी बांध रोड से दूसरी ओर ब्राह्मण माजरा व अन्य क्षेत्रों में आने-जाने के लिए काज-वे का निर्माण जल्द प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया निर्माण कार्य का टेंडर अलॉट किया जा चुका है और बहुत जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर परिषद के प्रशासक व एसडीएम लक्षित सरीन, ईओ जरनैल सिंह, एक्सईएन मनदीप सिंह के अलावा जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, बिजली निगम एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता ललित चौधरी, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, मदनलाल शर्मा, सुरेंद्र बिंद्रा डब्बू, नीलम शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा, ललता प्रसाद, बलविंद्र सिंह शाहपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

अंबाला। निर्माणाधीन डेयरी कांप्लेक्स का तैयार 3 डी मॉडल।

जगह-जगह चल रही हैं तैयारियां

गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि देष में लोग पूरी तरह से राममय हो रहे हैं। रामजी का स्वागत करने के लिए जगह-जगह पर तैयारियां हो रही हैं लेकिन विपक्ष इस मूवमेंट को लेड डाउन करना चाहता हैं। विज शुक्रवार को मीडिया कर्मियों द्वारा राममंदिर और अस्पताल के संबंध में विपक्ष द्वारा की टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने इस संबंध में कहा कि "इसको कहते हैं विनाश काले विपरीत बुद्धि इसलिए इनका नाश होने वाला है। रामजी इनके मुंह से ऐसी-ऐसी बातें निकलवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि "अस्पताल अपनी जगह है, मंदिर अपनी जगह है, इनको यह अंतर समझ नहीं आया'। शिवसेना नेता संजय राउत के ब्यान कि भाजपा विपक्ष को जेल में बंद कराकर चुनाव कराना चाहती है पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संजय राउत ने सारे चुनाव खुद देखें। भाजपा के समय में खुला माहौल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि 'पहले हमने देखा है कि ये कांग्रेस वाले पुलिस लेकर हमें पकड़ लिया करते थे। अब तो ऐसा नहीं है, और पूरी तरह से निष्पक्ष चुनाव कराए जाते हैं।

विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई बैठक में

बैठक के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों के साथ छावनी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी तथा निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छावनी में सड़कों के निर्माण के टेंडरों को आवंटित करने, नाइट फूड स्ट्रीट, छावनी में सीवरेज डालने के कार्य, स्वामित्व योजना, वार्डों में सफाई की स्थिति, स्ट्रीट लाइट आदि कार्यों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। । छावनी में फ्लड मीटिंग के दौरान पास किए गए कार्यों को भी प्रारंभ करने के दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए नप अधिकारियों को हायड्रा खरीदने व अंडर ग्राउंड पाइपों को साफ करने के लिए सक्कर मशीन खरीदने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई पहलुओं पर बैठक में चर्चा की गई।

अंबाला। अवैध कॉलोनी में सड़कों को ढहाती जेसीबी।

कालपी में गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही थी कॉलोनी, डीटीपी ने तोड़ी सड़कें

- डीटीपी रोहित चौहान ने बताया कि यहां गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटकर लोगों को सस्ते दामों पर प्लाट बेचने का कारोबार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांव कालपी के पास एक एकड़ में आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को डीटीपी के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। यहां जांच टीम ने डब्ल्यूबीएम की सडक़ों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ढहा दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, कनिष्ठ अभियंता भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित रहे। डीटीपी रोहित चौहान ने बताया कि यहां गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटकर लोगों को सस्ते दामों पर प्लाट बेचने का कारोबार चल रहा था। कई लोगों ने यहां प्रॉपर्टी डीलर से प्लाट भी खरीद लिए थे। ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए डीलर की ओर से कच्ची पक्की सड़कों का निर्माण किया गया था। चौहान ने बताया कि सूचना के बाद प्रॉपर्टी डीलर को नोटिस दिया गया था। मगर उसने नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसी वजह से उन्होंने यहां हुए निर्माण को ढहा दिया है।

योग व पीटी से हुई शिविर की शुरूआत

बराड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत योग व पीटी से हुई। कैंप में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वंयसेवकों ने मेडिटेशन योग के उपरांत सुबह का नाश्ता लिया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने मिलकर स्टेज के पास, घास के मैदान, स्कूल लैब, कमरों व स्कूल कैंपस की सफाई की। स्वंयसेवकों ने अपने लिए दोपहर के भोजन को बनाने में मदद की। पीओ टू सुमनलता के दिशा-निर्देशन में लड़कियों के एक ग्रुप ने आर्ट एंड क्राफ्ट की विभिन गतिविधियों में हिस्सा लिया। पर्यावरण एवं आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित चार्ट आदि बनाकर पर्यावरण बचाए रखने के बारे में जानकारी हासिल की।

पटाखा फोड़ने पर धक्का मुक्की में बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- पुलिस बोली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासे के बाद होगी कार्रवाई

अंबाला छावनी में भागवत कथा के दौरान पटाखा फोड़ने पर हुए विवाद में 65 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरलाभ सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने धक्का-मुक्की में जान जाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने गांव दलीपगढ़ के आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कमलजीत सिंह ने बताया कि उनके पड़ोस में पाल गडरिया धर्मशाला में गांव दलीपगढ़ के ग्रामीण 1 से 7 जनवरी तक श्री भागवत कथा करा रहे हैं। इसमें दलीपगढ़ का राम अवतार प्रधान है। कमलजीत ने बताया कि बीती देर शाम कुछ युवक उनकी गली में पटाखे फोड़ रहे थे।उसकी मां मना करने गई थी।

उसकी मां घर के अंदर तक नहीं पहुंची थी कि आरोपी फिर पटाखे फोड़ने लगे। उसके बाद वह और उसके पिता आरोपियों को मना करने गए थे। आरोपियों ने उसकी बाजू पकड़ ली और सिर से पगड़ी उतार दी।उसके पिता ने राम अवतार को कहा था कि पटाखे बंद करा दीजिए, क्योंकि बच्चे डर रहे हैं। इतने में राम अवतार का बेटा विक्रम वहां आ गया और बहस करनी शुरू कर दी। बात धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। राम अवतार ने भी उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसके पिता उसे छुड़ाने लगे तो उसके पिता को धक्का दे दिया। जमीन पर नीचे गिरने से उनके पिता बेहोश हो गए। वे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे तो मृत घोषित कर दिया।मामले की सूचना मिलते ही मौके पर अंबाला कैंट थाना प्रभारी नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मंडी में भागवत चल रही थी।

मिड डे मील वर्कर 11 जनवरी को करनाल में करेगी प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। मीड डे मील वर्करो की कुरूक्षेत्र जिले के ब्लॉक बाबैन की एक बैठक अनाज मंडी बाबैन मे जिला कोषाध्यक्ष लाल देवी की अध्यक्षता मे हुईं। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, जिला कोषाध्यक्ष लाल देवी मिड डे मील वर्कर यूनियन ने संयुक्त रुप से कहा कि वर्षो से मीड डे मील वर्करो के साथ अन्याय हो रहा है, उन्हें न्यूनतम वेतन की बजाये केवल सात हजार रुपए मासिक पगार मिलती है वह भी केवल दस महीनो की, उनका काम बहुत महत्वपूर्ण है व जिम्मेदारी का भी, वे सैंकड़ो बच्चो का न केवल खाना बनाती है बल्कि उसे परोसती भी है व बर्तन भांडे भी साफ करती है व अगले दिन के लिए राशन की साफ सफाई भी करती है, बहुत स्कूलों मे सेवादार न होने के कारण उन्हें उन वाला काम करना पड़ता है।

त्रिवेणी रोड वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता, सता रहा हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के मीरी पीरी चौक से त्रिवेणी रोड व नाहन हाउस से नगर निगम के कार्यालय तक जाने वाली जगाधरी गेट तक की सड़क की हालात बहुत खस्ता। इस सड़क पर सड़क कम गड्ढे ज्यादा हो गए हैं। सड़क पर दो व चार पहिया वाहन ले जाना खतरे से कम नहीं है। काफ़ी समय पहले जस सड़क पर पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को तोड़ दिया था उसके बाद इस सड़क की आज तक किसी ने सुध नहीं ली है।

जन सेवा संघ के प्रधान दीपक शांडिल्य ने कहा है की विधायक असीम गोयल को मामले में हस्तक्षेप कर सड़क का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर सोहन लाल स्कूल, बेलटोल स्कूल व एक अन्य छोटे बच्चों का प्लेवे स्कूल स्थित हैं। ऐसे में टूटी सड़क पर स्कूल के बच्चों को स्कूल जाने आने में काफ़ी परेशानी का समाना करना पड़ता है। बच्चों के परिजनों को कोई न कोई हादसा होने का हर समय डर लगता रहता है। टूटी सड़क से इस रोड के दुकानदारों को भी परेशानी का समाना करना पड़ता है। शांडिल्य ने कहा की नाहन हाउस से जगाधरी गेट निगम कार्यालय तक जाने वाली सड़क का भी बेहद बुरा हाल है। यहां कई जगह से सड़क दबी व कई जगह से टूटी पड़ी है।

अंबाला। खस्ताहाल सड़क का दृश्य।

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने बेटी के साथ ज्वाइन की कांग्रेस, प्रभारी ने दिलवाई सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह शुक्रवार को बेटी चित्रा सरवारा के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं की अगुवाई में पूर्व मंत्री ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पिता-पुत्री सुबह 8 बजे अंबाला कैंट से सैकड़ों वर्कर्स के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की उपस्थित में पार्टी जॉइन की। इसके साथ ही निर्मल सिंह से जुड़े आम आदमी पार्टी के 256 पदाधिकारियों ने भी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। निर्मल सिंह स्व.संजय गांधी के घनिष्ठ मित्र रहे। उन्होंने कांग्रेस में ब्लॉक यूथ अध्यक्ष से पारी शुरू की थी। 7 साल निरतंर अध्यक्ष रहे। जिला के अध्यक्ष रहे। प्रदेश में सहसचिव व उप प्रधान भी रहे। कांग्रेस सरकार की समय मंत्री भी रहे। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव में निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। इसी वजह से निर्मल सिंह अंबाला शहर व चित्रा अंबाला कैंट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े थे। निर्मल सिंह 54 हजार वोट लेकर दूसरे स्थान पर जबकि चित्रा सरवारा को 44 हजार वोट हासिल हुए थे। दोनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी बुरी तरह से हार गए थे।

अंबाला। दिल्ली में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उनकी बेटी को कांग्रेस ज्वाइन करवाते प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया व अन्य।

बराड़ा। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

परीक्षाओं के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित मन लगाकर पढ़ाई करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे एनएसएस कैंप के साथ दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रतिदिन की तरह योग वह गायत्री मंत्र, एनएसएस गीत के साथ हुईं । उसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने स्कूल बिल्डिंग के पीछे व खेल के मैदान की सफाई की। उसके बाद एएनएम अनीता द्वारा बच्चों को फर्स्ट एड के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही लड़कियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड की एबीआरसी मीनाक्षी शर्मा ने सभी वॉलिंटियर्स के साथ बोर्ड एग्जाम को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी वॉलिंटियर्स को एग्जाम की तैयारी के लिए मोटिवेट किया और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस कार्यक्रम अधिकारी, अनुज कुमार, कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जय श्री राम कुमार आदि मौजूद रहे।

ट्रेनों में चोरी की दो वारदात, पुलिस ने की जांच शुरू

अंबाला। कालका एक्सप्रेस में बच्चे को बाथरूम कराने गई महिला का बैग चोरी कर लिया। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस में खाना खाकर सोई महिला का पर्स चोरी कर लिया। अंबाला कैंट की जीआरपी थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर अब मुकदमा दर्ज किया है। दिल्ली के बुध विहार फेस-1 निवासी मीनाक्षी ने बताया कि 22 दिसंबर को वह पुरानी दिल्ली से कालका जाने वाली "कालका एक्सप्रेस" में सफर कर रही थी। उस वक्त उनके कोच में लाइट नहीं थी। रात सवा 9 बजे जब वह अपने बच्चे को बाथरूम लेकर गई तो ट्रेन अंबाला कैंट स्टेशन पर रुकी। मीनाक्षी ने बताया कि वह बच्चे को बाथरूम कराने के बाद वापस अपनी सीट पर आई तो उसका बैग गायब मिला। महिला ने बताया कि बैग में बच्चों के कपड़े, 10 हजार रुपए कैश, सोने की 4 अंगूठी, एक मंगलसूत्र था। उसने कालका पहुंचने के बाद शिकायत सौंपी। वहां से शिकायत अंबाला में ट्रांसफर होकर आने पर अंबाला कैंट की जीआरपी थाने की पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर जम्मू कश्मीर के यासिर मोहम्मद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हमसफर एक्सप्रेस (22706) में 24 नवंबर को जम्मू से नागपूर जा रहे थे। उन्होंने कोच-B/12 में अपनी टिकट बुक करा रखी थी। सफर के दौरान वे खाना खाकर सो गए थे।

कई दिन से किसान एसडीएम ऑफिस के सामने दे रहे थे धरना

चीनी मिल के बकाया भुगतान को लेकर धरना स्थगित

नारायणगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गन्ना किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

गन्ना मिल की कुर्की व बकाया भुगतान को लेकर चल रहा किसानों का धरना स्थगित कर दिया गया। एसडीएम ने किसानों की सभी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया है। इसी आधार पर अब एसडीएम ऑफिस में कई दिन से चल रहा किसानों का धरना समाप्त हो गया। शुक्रवार को धरने पर बैठे गन्ना किसानों से एसडीएम जया सी शारदा ने मुलाकात की। उन्होंने किसानों से अपनी सभी मांगें लिखित रुप में देने की बात कही। इसके बाद किसानों ने उन्हें अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एसडीएम के समक्ष मिल की कुर्की रोकने को लेकर जरुरी कदम उठाने के साथ ही किसानों के बकाया भुगतान भी करवाने की मांग की। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उच्चाधिकारियों से बात कर उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की एसडीएम ने उनको आश्वस्त किया है कि उनकी सभी मांगें जायज हैं। उनके लिए वह सुनिश्चित करेगी कि वह पूरी हो और किसानों को कोई समस्या न आए।

किसानों की सभी मांगों को समय रहते मानने की मांग

ढींडसा ने कहा कि हमने यह मांगी भी रखी की अगर मिल नीलम होता है और कोई नया मलिक आता है तो जो कर्मचारी हैं उनको भी मिल में ही समायोजित किया जाए। सरकार सुनिश्चित करें कि नया मलिक मौजूदा समय में जो व्यक्ति मिल में काम कर रहे हैं उनको न निकाला जाए। मिल सुचारू रूप से चलता रहे ताकि 6500 किसान परिवार और इतने ही कर्मचारियों के परिवार के घरों के चूल्हे जलते रहे। अगर सरकार किसानों की सभी मांगों को समय रहते मान लेती है तो हम स्वागत करेंगे। वरना आगामी रणनीति पर किसान विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों ने लिखित में जो मांगे दी हैं उन पर सरकार कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसान नेता ढींडसा ने कहा की हमें जानकारी मिली है की शुगर मिल में नारायणगढ़ डिस्टलरी के नाम पर भी एक बड़ा घोटाला हो रखा है जिसके दस्तावेजों को प्राप्त कर हम अध्ययन करेंगे।

RASAM PAGRI

With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023

Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)

In Grief

J.C. Gupta (Son)
CA. Pawan K. Gupta (Son)
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son)
Pankaj Gupta (Grand Son)
Gaurav Gupta (Grand Son)
Rajnish Gupta (Grand Son)

ETO (Retd.)
S. P. Chopra & Co.,
Chartered Accountants, New Delhi
Ajay Investments Centre, Sonipat
Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Mateshwari Drugs and
General Store, Sonipat, Haryana

Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana